Dainik Bhasker
Satna
SATNA, SUNDAY, 02/12/2018 . 02



# बृजेश ने छात्रों को दिए क्रिकेट के टिप्स

**सिटी रिपोर्टर** • सतना

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य बृजेश द्विवेदी का सम्मान सद्गुरु संस्थान चित्रकूट में किया गया। बृजेश द्विवेदी द्वारा संस्थान के बच्चों को अपने बारे में बताते कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों से किस प्रकार अपना मुकाम बनाने में सफलता प्राप्त की उसे बड़े ही रोचक अंदाज में गानो एवं शायरियों के साथ अपने संघर्ष की कहानी बच्चों को सुनाई। उन्होंने कहा की मेरी उपलब्धि के पीछे मेरी मां का बहुत बड़ा योगदान उन्ही की वजह से मै आज भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य के रूप में खेल रहा हूं । उन्होने बताया की आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर एवं प्रोफेसर प्रदीप माथुर का बहुत सहयोग मिला। कार्यक्रम के दौरान बृजेश द्विवेदी अपने सम्मान के लिए के लिए सद्गुरू के ट्रस्टी डॉ. बी.के जैन,अध्यक्ष शिक्षा समिति उषा.बी जैन, सचिव आर बी सिंह चौहान, प्राचार्य राकेश तिवारी, शंकर दयाल पांडेय, रमाशंकर मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी, एवं ऋषि बोरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस छोटे से शहर में खेल को इतना प्रोत्साहन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद।